Title: Need to implement the pending irrigation projects of Bihar and to provide financial assistance to start relief works in the drought affected districts early.

श्री ब्रजमोहन राम (पलामू) : अध्यक्ष महोदय, बिहार के पलामू और गढ़वा दोनों जिले मेरे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में आते हैं। मैं आपके माध्यम से सदन को एक महत्वपूर्ण सूचना देना चाहता हूं। इस बार भी पिछली कई बार से दोनों जिलों में सुखाड़ की स्थिति उत्पन्न हुई है। इस बार भी ओलावृष्टि के कारण भयंकर रूप से सुखाड़ आने की संभावना बनी हुई है और हमारे यहां किसी तरह का विकास का कोई काम नहीं हो पा रहा है जिसके चलते लोग पलायन करने की स्थिति में हैं। हम आपके माध्यम से भारत सरकार से मांग करते हैं कि इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। बिहार सरकार की ओर से भेजी गईं तीन परियोजनाएं केन्द्र सरकार में लंबित हैं। कन्हर सिंचाई योजना, औरंगा सिंचाई योजना तथा एक और योजना है जो बहुत महत्वपूर्ण है, वह लंबित हैं। हम आपके माध्यम से भारत सरकार से मांग करते हैं कि इन तीनों योजनाओं को अगर लागू कर दिया जाए तो हमारे यहां हर वर्ष जो सुखाड़ की स्थिति उत्पन्न होती है, उससे बचा जा सकता है।

अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि यह मामला लगातार चला आ रहा है। अभी उपायुक्त पलामू ने सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को चिट्ठी लिखकर सूचना दी है जिसका ज्ञापनांक और पत्रांक मेरे पास है। दिनांक 2.7.2000 को ज्ञापनांक 1889 का पत्र लिखकर सूचना दी है कि अल्पवृष्टि के कारण होने वाले सूखे के कारण उत्पन्न हुई स्थिति से निपटने के लिये तत्काल रोज़गार मुहैया कराया जाए, लेकिन पैसे के अभाव में रोज़गार मुहैया नहीं कराया जा रहा है और लोग पलायन करने की स्थिति में हैं। इसलिए हम आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करना चाहते हैं कि जो भी लंबित योजनाएं हैं, उनको अविलम्ब लागू किया जाए और केन्द्र सरकार द्वारा सीधा पैसा भेजकर अविलम्ब राहत कार्य चलाया जाए जिससे वहां के लोगों को पलायन से बचाया जा सके।